कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/

# आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, नवा रायपुर, (छ.ग.) के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक श्रेणी ''द'' भर्ती परीक्षा (THS24)

## ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR "Hostel Superintendent Category "D" Recruitment Examination (THS24)-2024" हेतु आवेदन पत्र से एक पेज खुलेगा'' जिसमें दी गई जानकारी अनुसार कार्य करें ।

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय–सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं । इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।
- आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी भर्ती नियमों को ध्यान से पढ़ें तथा पात्र होने पर ही आवेदन करें ।

Exam Pre-requisite :

**(i) क्या आप किसी मान्यता प्राप्त मंडल से हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण हैं ?**

○ Yes (हॉ) ○ No (नहीं)

**(हॉ की स्थिति में ही अभ्यर्थी के लिए आवेदन खुलेगा)**

**(ii) क्या आप कम्प्यूटर प्रशिक्षित हैं ?**

○ Yes (हॉ) ○ No (नहीं)

**(हॉ की स्थिति में ही अभ्यर्थी के लिए आवेदन खुलेगा)**

**इस पद हेतु निःशक्तता अमान्य है ।**

Basic Information –

टीप – मूलभूत जानकारी स्वयं से आपके द्वारा दी गई **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) से आ जायेगी ।**

Exam city का चयन करें ।

Class/ श्रेणी–

Do you belong to any class ?- क्या आप किसी वर्ग (Eg. भूतपूर्व सैनिक) (थल सेना/नौ सेना/वायुसेना) में कार्यरत थे तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा आपको पहचान पत्र जारी किया गया है)

Yes या No में से सेलेक्ट करें।

Yes **की स्थिति में निम्न जानकारी दें –**

Class/ श्रेणी सेलेक्ट करें –

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र क्रमाँक – अंकित करें ।

रक्षा लेखक नियंत्रक (पेंशन) द्वारा जारी पेंशन भुगतान आदेश (पी पी ओ) नंबर – अंकित करें ।

Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।

**इसके पश्चात Submit में क्लिक करें व प्रिंट आउट लें।**

..............................................